UKExamAlert

# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

Uttarakhand Public Service Commission
Haridwar : 249404

# UKPSC TAX & REVENUE INSPECTOR EXAM

## कर एवं राजस्व निरीक्षक परीक्षा-2026

## This Document Contains

- Official Notification Details – Advt No. A-1/DR(TRI)/S-2/2026
- 29 Vacancies – Category-wise & Horizontal Reservation Breakup
- Eligibility – Age Limit, Educational Qualification, Residency Conditions
- Exam Pattern – Paper I: General Hindi (100 Marks), Paper II: General Studies (200 Marks)
- Full Syllabus – Topic-wise Marks Distribution (Hindi & English)
- Application Fee, Important Dates & How to Apply
- Answer Key & Objection Process, Minimum Qualifying Marks

For latest updates, admit cards, results and notifications visit:
UKPSC Tax & Revenue Inspector - Notification Syllabus & Pattern overview

# परिशिष्ट–1

## कर एवं राजस्व निरीक्षक परीक्षा –2026
## परीक्षा योजना

### लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार)

| क्र0 सं0 | प्रश्न पत्र | विषय | परीक्षा का प्रकार | पूर्णांक | प्रश्नों की संख्या | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रश्न पत्र–I | सामान्य हिन्दी | वस्तुनिष्ठ प्रकृति | 100 | 100 | 02 घण्टे |
| 2. | प्रश्न पत्र–II | सामान्य अध्ययन | वस्तुनिष्ठ प्रकृति | 200 | 200 | 03 घण्टे |
| कुल अंक | | | | 300 | | |

**नोट** :– वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षा में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative marking) पद्वति अपनाई जायेगी। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिये गये गलत उत्तर के लिए या अभ्यर्थी द्वारा एक की प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिये गये उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए दिये जाने वाले अंको का एक चौथाई (1/4) दण्ड के रूप में काटा जायेगा। दण्ड स्वरूप प्राप्त अंको के योग को कुल प्राप्तांकों में से घटाया जायेगा।

## Exam Scheme

### Written Exam (Objective Type)

| S. No. | Question Paper | Subject | Exam Type | Total | No. Of Questions | Time |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Paper-I | General Hindi | Objective Type | 100 | 100 | 02 Hours |
| 2. | Paper-II | General Studies | Objective Type | 200 | 200 | 03 Hours |
| Total Marks | | | | 300 | | |

**Note**:-**1**. In objective type question paper, there will be negative marking. For each wrong answer given or more than one answer to the same question (even if one of the answers given is correct) by candidate, one-fourth (1/4) mark of the marks prescribed for that question will be deducted as penalty. The Total of penalty will be reduced from the Total marks obtained.

# परिशिष्ट–2

## लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) हेतु पाठ्यक्रम

### प्रश्नपत्र–I
### सामान्य हिन्दी (वस्तुनिष्ठ प्रकार)

**समयावधि : 2 घण्टे** **प्रश्नों की संख्याः 100** **अधिकतम अंकः 100**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वर्ण–विचारः स्वर एवं व्यंजन, स्वर और व्यंजन वर्णो का वर्गीकरण, वर्णो का उच्चारण–स्थान, अनुस्वार, अनुनासिक, विसर्ग आदि। | 15 |
| 2. | हिन्दी शब्द–समूह : तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी शब्द। | 10 |
| 3. | हिन्दी शब्द रचनाः 1–उपसर्ग, प्रत्यय, सन्धि समास। | 10 |
| 4. | हिन्दी शब्द रचनाः 2–पर्यायवाची, विलोम शब्द। | 10 |
| 5. | हिन्दी शब्द रचनाः 3–अनेकार्थक शब्द, शब्द युग्म, श्रुतिसम। | 10 |
| 6. | वाक्यांश के लिए एक शब्द | 05 |
| 7. | अशुद्विशोधन : शब्दगत वर्तनी अशुद्धिशोधन, वाक्यगत अशुद्धिशोधन। | 10 |
| 8. | लोकोक्ति एवं मुहावरे। | 10 |
| 9. | विरामचिन्ह। | 05 |
| 10. | व्याकरण–विचारः संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, लिंग, वचन, काल, कारक। | 15 |

### प्रश्नपत्र–II
### सामान्य अध्ययन (वस्तुनिष्ठ प्रकार)

**अधिकतम अंक – 200** **प्रश्नों की संख्या– 200** **समय– 03 घण्टे**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य के महत्व की समसामयिक घटनाएं** :– इसके अन्तर्गत राष्ट्रीय महत्व की घटनाएं जैसे–गठबंधन सरकार व्यवस्था, आर्थिक उदारीकरण, आर्थिक मंदी क्षेत्रीय अतिवाद तथा पृथकतावादी आन्दोलन–नक्सलवाद, माओवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा, आन्तरिक सुरक्षा, सामुदायिक सौहार्द्र और अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य में जैसे नाभिकीय नीति–मुद्दे एवं विवाद, भूमण्डलीकरण का विकासशील देशों की सामाजिक–आर्थिक परिस्थतियों पर प्रभाव एवं वैश्विक खाद्य संकट सम्मिलित होंगे। | 20 अंक |
| 2. | **खेलकूद** :– विश्व, भारत एवं उत्तराखण्ड की महत्वपूर्ण खेलकूद प्रतियोगिताएं, पुरस्कार एवं सम्बन्धित व्यक्तियों पर आधारित प्रश्न होंगे। | 10 अंक |
| 3. | **भारत का इतिहास** :– भारत के प्राचीन, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास के अन्तर्गत भारत के राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक पक्षों की जानकारी, भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन, राष्ट्रवाद का विकास एवं स्वतंत्रता प्राप्ति । | 15 अंक |
| 4. | **भारतीय संविधान का सामान्य ज्ञान** :–इसके अन्तर्गत भारतीय संविधान पर आधारित ऐसे प्रश्न होंगे जिनकी किसी ऐसे शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है जिसने कभी संविधान का विशेष अध्ययन न किया हो। सूचना का अधिकार, सेवा का अधिकार , शिक्षा का अधिकार, बौद्विक सम्पदा अधिकार और उपभोक्ता संरक्षण अधिकार, समाज के निर्बल एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लिये बनाये गये विभिन्न कानून तथा कल्याणकारी कार्यक्रम एवं उनके उत्थान हेतु विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य आयोग से सम्बन्धित प्रश्न भी | 15 अंक |

| | | |
|---|---|---|
| | होंगे। | |
| 5. | **भारतीय राज्य व्यवस्था एवं अर्थव्यवस्था** : इसके अन्तर्गत भारतीय राजनैतिक व्यवस्था, पंचायती राज एवं सामुदायिक विकास, भारतीय अर्थव्यवस्था एवं योजना की विशिष्टताओं की व्यापक समझ से सम्बन्धित प्रश्न होंगे। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि, उद्योग, व्यापार तथा सेवा क्षेत्र। | 10 अंक |
| 6. | **भारत का भूगोल एवं जनांकिकी** :– इसके अन्तर्गत भारत के भौगोलिक, पारिस्थितिकीय, सामाजिक–आर्थिक और जनांकिकीय पक्षों की सामान्य समझ पर आधारित प्रश्न होंगे। | 15 अंक |
| 7. | **सामान्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण** :– सामान्य विज्ञान एवं पर्यावरण के अन्तर्गत विज्ञान एवं पर्यावरण की सामान्य समझ एवं अनुप्रयोग जिसमें दैनिक जीवन के प्रेक्षण एवं अनुभव पर ऐसे प्रश्न होंगे, जिसकी किसी भी ऐसे शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है, जिसने विज्ञान की किसी भी शाखा का विशेष अध्ययन नहीं किया हो जैसे कि वैश्विक पर्यावरणीय समस्यायें एवं समाधान, मानव के शारीरिक विकास हेतु पोषणीय आवश्यकताएं, अनुवांशिक अभियंत्रण के मानवहित में अनुप्रयोग, पशु, पक्षी एवं पादपों के रोग तथा इनकी रोकथाम । नवीकरणीय और गैर–नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत। | 20 अंक |
| 8. | **भारतीय कृषि** :– इसके अन्तर्गत फसलों, श्वेत, पीत एवं हरित क्रांति, कृषि उत्पादन तथा इसका भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान, कृषि के क्षेत्र में नैनो एवं जैव प्रौद्योगिकी का उपयोग, भारतीय किसानों की समस्यायें एवं भूमि सुधार, कीटनाशकों का वर्गीकरण और सही प्रयोग, मृदा स्वास्थ्य एवं सुधार, जैविक खेती एवं इसके लाभ पर आधारित प्रश्न होंगे। | 10 अंक |
| 9 | **शहरीकरण के विविध आयाम** :– शहरीकरण के सिद्धांत, शहरीकरण की चुनौतियॉं, 74 वे संविधान संशोधन के उद्देश्य, शहरी नियोजन, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन, नगर निकायों में वित्तीय प्रबन्धन, शहरों में आजीविका एवं गरीबी उन्मूलन हेतु चलायी जाने वाली योजनाऐं, शहरी निकायों में नागरिक केन्द्रित सेवाओं में सूचना प्रौद्योगिकी का समावेशन, शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के सिद्धान्त, शहरी क्षेत्रों में जीवन शैली को आसान बनाने के सिद्धान्त। | 20 अंक |
| 10 | **उत्तराखण्ड का इतिहास** :– उत्तराखण्ड की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि : प्राचीनकाल (आरम्भ से 1200 ई0 तक) : मध्यकाल (1200 से 1815 ई0 तक) : प्रभावशाली राजवंश एवं उनकी उपलब्धियॉं विशेषकर कत्यूरी, परमार तथा चंद राजवंश, गोरखा आक्रमण एवं शासन, ब्रिटिश शासन, टिहरी रियासत एवं उसकी शासन व्यवस्था, भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में उत्तराखण्ड की भूमिका और इससे संबंधित प्रमुख विभूतियां, प्रमुख ऐतिहासिक स्थल एवं स्मारक, उत्तराखण्ड राज्य निर्माण आन्दोलन, उत्तराखण्ड के लोगों का राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्रों में विशेष रूप से सशस्त्र बलों में योगदान, विभिन्न समाज सुधार आन्दोलन तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, बच्चों, दलितों एवं महिलाओं हेतु उत्तराखण्ड शासन के विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम। | 10 अंक |
| 11 | **उत्तराखण्ड की संस्कृति** :– जातियां एवं जनजातियां, धर्म एवं लोक विश्वास, साहित्य, लोक साहित्य, जागर, परम्पराएं एवं रीति–रिवाज, वेश–भूषा एवं आभूषण, मेले एवं त्यौहार, खान–पान, कला एवं शिल्प, नृत्य, गायन एवं वादय यंत्र, प्रमुख पर्यटन–स्थल, महत्वपूर्ण खेलकूद, प्रतियोगिताएं एवं पुरस्कार, उत्तराखण्ड के प्रसिद्व लेखक एवं कवि तथा उनका हिन्दी–साहित्य एवं लोक–साहित्य में योगदान, उत्तराखण्ड शासन द्वारा संस्कृति के विकास हेतु उठाए गए कदम। | 10 अंक |
| 12 | **उत्तराखण्ड का भूगोल एवं जनांकिकी** :– भौगोलिक स्थिति। उत्तराखण्ड हिमालय की प्रमुख विशेषताएं। उत्तराखण्ड में नदियां, पर्वत, जलवायु, वन संसाधन एवं बागवानी। प्रमुख फसलें एवं फसल चक्र। सिंचाई के साधन तथा जलविद्युत, कृषि जोतें। प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदायें एवं आपदा प्रबन्धन। जल संकट और जलागम प्रबन्धन। दूरस्थ क्षेत्रों की समस्याऐं। पर्यावरण एवं पर्यावरणीय आन्दोलन। जैव विविधता एवं इसका संरक्षण। उत्तराखण्ड की जनसंख्याः वर्गीकरण, घनत्व, लिंगानुपात, साक्षरता एवं जनसंख्या पलायन। | 10 अंक |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | <u>उत्तराखण्ड का आर्थिक, राजनीतिक व प्रशाासनिक परिवेश :</u><br>**राजनीतिक एवं प्रशासनिक परिवेश** : उत्तराखण्ड में गठित सरकारें एवं उनकी नीतियाँ, राज्य की विभिन्न प्रकार की सेवाएं, प्रदेश की राजनैतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था, पंचायती–राज, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता।<br>**प्रशासनिक व्यवस्था की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि** : गोरखा एवं ब्रिटिश शासन काल में भूमि संबंधी व्यवस्थाएँ– जिला भूमि प्रबन्धन (थोकदारी, वन पंचायतें, सिविल एवं सोयम वन, केशर हिन्द (बेनाप भूमि), नजूल, नयाबाद बन्दोबस्त)। आधुनिक काल– उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम लागू होने के बाद भूमि–सुधार, लैंड टैन्योर में परिवर्तन, लगान वसूली व्यवस्था। राजस्व पुलिस व्यवस्था।<br>**आर्थिक परिवेश** :– सीमान्त जनपदों का प्राचीन काल में तिब्बत से व्यापार एवं व्यापार की वर्तमान स्थिति, स्थानीय कृषि, पशुपालन, कृषि जोतों की अलाभकर स्थिति व चकबन्दी की आवश्यकता, बेगार तथा डडवार प्रथा। | 15 अंक |
| 14 | **उत्तराखण्ड के आर्थिक एवं प्राकृतिक संसाधन**– मानव संसाधन, प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था एवं प्रमुख शिक्षण संस्थान, वन, जल, जड़ी बूटी, कृषि, पशुधन, जल–विद्युत, खनिज, पर्यटन, उद्योग, तथा इनके उपयोग की वर्तमान स्थिति। उत्तराखण्ड में गरीबी, बेरोजगारी उन्मूलन व आर्थिक विकास की दिशा में चलाई जा रही विभिन्न योजनाएँ आर्थिक क्रियायें एवं इनका राज्य जी0डी0पी0 में योगदान, उत्तराखण्ड में विकास की प्राथमिकतायें व नियोजन की नवीन रणनीति तथा समस्याएँ। उत्तराखण्ड में विपणन की सुविधाएं तथा कृषि मन्डियाँ, उत्तराखण्ड के बजट की प्रमुख विशेषताएँ। | 10 अंक |
| 15 | **सांख्यिकीय विश्लेषण, आरेख एवं रेखाचित्र** : इस भाग में अभ्यर्थी की सांख्यिकी, आरेखों एवं रेखा चित्रों के रूप में प्रस्तुत सूचना से निष्कर्ष निकालने और उनका निर्वचन करने की योग्यता का परीक्षण होगा। | 10 अंक |

UKExamAlert.in — Uttarakhand's dedicated source for government exam notifications, admit cards, results, syllabus and exam calendars

For latest updates, admit cards, results and notifications visit:

**UKPSC Tax & Revenue Inspector – Notification, Syllabus & Pattern Overview**

Disclaimer: This document is compiled from the official UKSSSC notification (sssc.uk.gov.in) for informational and educational purposes only. Always verify all details with the official website before taking any action.